**Indian School Al Wadi Al Kabir**
**Mid Term Exam**
**Subject-Hindi (3rd Lang.)**

Class: VIII — Max Marks: **80**

Date: 17.09.23 — Time - **2hrs & 30 Min.**

***General Instructions:***

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **18** questions divided into **4** Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
4. *This question paper consists of **4** printed pages.*

**खंड - क**

**प्र1-** दिए गए अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 10

जनवरी माह का चौथा सप्ताह चल रहा था। कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। हल्की-हल्की बारिश भी हो रही थी। बारिश और ठंड ने मौसम को बहुत कष्ट दायक बना दिया था। लोग जगह-जगह आग जला रहे थे। सबसे ज्यादा कठिन समय पालतू पशु और पक्षियों के लिए था। वे बेचारे ठंड से बहुत परेशान थे।

मेरी आठ बरस की पोती मायरा पालतू पशु-पक्षियों से बहुत प्यार करती थी| उसके कहने पर हमने अपने घर में एक कुत्ता एक बिल्ली और एक तोता पाल रखा था। पिछले सप्ताह मायरा अपने गाँव गई थी। वहाँ पर गाय, बैल, बकरी आदि पालतू पशु देख कर बहुत खुश हुई। उसने इन सबके चित्र किताबों में देखे थे। व्यक्तिगत रूप से इन पालतू पशु और पक्षियों को देखने का मौका उसे पहली बार मिला था।

मायरा ने मुझसे पूछा, " बाबा, हम पशु और पक्षी को क्यों पालते हैं?" मैंने उससे कहा, "पशु-पक्षियों व मनुष्यों के मध्य बहुत पुराना रिश्ता हैं। प्राचीन काल से ही मनुष्य पशु-पक्षियों को पालता आ रहा है और इन्हें अपने परिवार के सदस्य की भाँति प्यार भी करता रहा हैं। पालतू जानवर भी कई बार अच्छे मित्र या सहायक सिद्ध होते हैं। भरा-पूरा परिवार हैं तो भी पालतू जानवरों का अपना एक अलग महत्त्व होता है। मानवीय संबंध कहीं न कहीं स्वार्थ से जुड़े होते हैं, लेकिन मनुष्य और पशु-पक्षियों का संबंध बिना किसी शर्त और स्वार्थ के होता है। यह संबंध मनुष्य में अच्छे गुणों का विकास करने में भी सहायक है। दुनिया में बहुत-से लोग हैं, जो पशु-पक्षियों और पालतू जानवरों से बेहद प्यार करते हैं। वे उन्हें अपने घर-परिवार का हिस्सा मानते हैं| पालतू पशु भी अपने मालिक के प्रति हमेशा वफादार रहते हैं।"

मायरा ने पुनः पूछा, "बाबा, इन पशु-पक्षियों को घर में रखने के और क्या लाभ हैं?" मैंने उससे कहा, "प्रकृति में होने वाले हलचल का संकेत पशु-पक्षी सबसे पहले देते हैं| इतना ही नहीं इस ब्रह्मांड में व्याप्त नकारात्मक शक्तियों को निष्क्रिय बनाने की ताकत भी इन पालतू प्राणियों में होती हैं।"

क- किस महीने में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी?

नवंबर — दिसंबर — जनवरी — फरवरी

ख- सर्दी से बचने के लिए लोग क्या कर रहे?

खेत में रहते थे — साथ-साथ रहते थे — आग जलाते थे — पशुओं को पालते थे

ग- किसके लिए सबसे कठिन समय चल रहा था?

मानव के लिए | पशु-पक्षियों के लिए | मायरा के लिए | बाबा के लिए

घ- मायरा किससे बहुत प्यार करती थी?

दानवों से | पशु-पक्षियों से | मानवों से | अपनी माँ से

ङ- मायरा के बाबा ने क्या पाल रखा था?

कुत्ता,बिल्ली,तोता | कुत्ता,बिल्ली,गाय | कुत्ता,बकरी,तोता | गाय,बिल्ली,तोता

च- मायरा अपने गाँव में क्या देखकर खुश हुई?

गाय,बैल,बकरी | गाय,बिल्ली,बकरी | गाय,कुत्ता,भैंस | बिल्ली,बकरी,भैंस

छ- मनुष्य कब से पशु-पक्षियों को पालता आ रहा है?

प्राचीन काल से | आधुनिक काल से | बाबा के काल से | मध्य काल से

ज- किसके संबंध बिना शर्त और स्वार्थ के होते हैं?

पशु-पक्षियों के | कीड़े-मकोड़ों के | मानवों के | दानवों के

झ- प्रकृति में होने वाले हलचल का संकेत सबसे पहले कौन देते हैं?

मानव | पशु-पक्षी | दानव | देवता

ञ- मायरा और बाबा के बीच में क्या संबंध था?

पिता-पुत्री का | बाबा-पोती का | भाई-बहन का | गुरु-शिष्या का

## खंड – ख

**प्र2-** किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए| (सागर, लक्ष्य, बादल) 2

**प्र3-** किन्हीं दो शब्दों के उचित विलोम शब्द लिखिए| (आकाश, उत्तीर्ण, अपना) 2

**प्र4-** किन्हीं दो शब्दों के सही स्त्रीलिंग शब्द लिखिए| (स्वामी, मौसा, बकरा) 2

**प्र5-** किन्हीं दो शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखिए| (डाकू, उद्यम, सूर्योदय) 2

**प्र6-** किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए| (सु, उप, नि) 2

**प्र7-** किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए| (आन, आई, आस) 2

**प्र8-** दिए गए मुहावरों में से किन्हीं दो से उचित वाक्य बनाइए| 2

(क-आँखें खुलना  ख-आँखों का तारा होना  ग- आकाश-पाताल एक करना)

**प्र9-** किन्हीं चार शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए| (मम, सुंदर, चढ़ना, दूर, अपना) 2

**प्र10-** दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटिए| 2

क- उसका घर बहुत दूर है।  ख- मुझे कुछ नहीं मिला।  ग- वह सीता की ड्रेस है।

**प्र11-** दिए गए वाक्यों में से कारक चिह्न छाँटिए| 2

क- राम ने रावण को मारा।  ख- यह रमेश की पुस्तक है। ग- हम बस में बैठे हैं।

## खंड - ग

**प्र12-** सही विकल्प चुनकर लिखिए| 6

**क-** विद्या-धन किसके बिना नहीं पा सकते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| सागर के बिना | ज्योति के बिना | उद्यम के बिना | मंजिल के बिना |

**ख-** कवि ने किस आँच में तपने के लिए कहा है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| तपस्या की | परिश्रम की | सिद्धि की | ज्ञान की |

**ग-** विश्वंभर बाबू पेशे से क्या थे?

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिक्षक | डॉक्टर | इंजीनियर | लेखक |

**घ-** योगासन कहाँ करना चाहिए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| बंद कमरे में | जंगल में | विद्यालय में | खुले स्थान/हवादार कमरे में |

**ङ-** रोहन को कहाँ पहुँचने की जल्दी थी?

| | | | |
|---|---|---|---|
| बाज़ार | स्कूल | पार्क | घर |

**च-** कौन-सा आसन सभी अवस्था के व्यक्तियों के लिए लाभदायक है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूर्य नमस्कार | भुजंगासन | पद्मासन | शवासन |

**प्र13-** दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं आठ (8)** के उत्तर एक या दो पक्तियों में लिखिए| 8

**क-** बिना चले क्या नहीं मिलती है?

**ख-** 'मूलमंत्र' कविता के अनुसार मोती कहाँ होते हैं?

**ग-** सफलता पाने के लिए क्या करना होता है?

**घ-** विश्वंभर बाबू किस पर सवार होकर जा रहे थे?

**ङ-** विष्णुपुर में विश्वंभर बाबू पर किसने हमला कर दिया था?

**च-** विश्व योग दिवस कब मनाया जाता है?

**छ-** योगासन के लिए लोग किस समय पार्क में जा रहे थे?

**ज-** योगासनों में सर्वश्रेष्ठ आसन कौन-सा है?

**झ-** कहार किसे देखते ही डरकर भाग गए?

**प्र14-** दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं छः (6)** के उत्तर दो या तीन पंक्तियों में लिखिए| 12

**क-** विश्वंभर बाबू और शंभू ने मिलकर डाकुओं के साथ क्या किया?

**ख-** डॉक्टरी कहानी का प्रमुख पात्र आप किसे मानते हैं और क्यों?

**ग-** योगाभ्यास खुले स्थान या हवादार कमरे में क्यों करना चाहिए?

**घ-** योगाभ्यास किस समय करना चाहिए?

**ङ-** रोहन जल्दी-जल्दी क्यों कदम बढ़ा रहा था?

**च-** क्या बिना चले मंज़िल तक पहुँचा जा सकता है?

**छ-** ज्ञान के बिना क्या संभव नहीं है?

**प्र15-** दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं तीन (3)** के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए| 9

**क-** अपनी इच्छा पूरी करने के लिए क्या करना ज़रूरी है?

**ख-** विश्वंभर बाबू कहाँ जा रहे थे और क्यों?

**ग-** योग क्या है? योग करते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

**घ-** योग के निरंतर अभ्यास से क्या-क्या लाभ होते हैं?

## खंड - घ

**प्र16-** किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में **अनुच्छेद** लिखिए| 5

क- मेरा प्रिय त्योहार    ख- मेरे दादा जी    ग- योगासन के लाभ

**प्र17-** किसी एक विषय पर आकर्षक **विज्ञापन** तैयार कीजिए| 5

क- आपके पसंद की कार    ख- हर्बल टूथपेस्ट

**प्र18-** दिए गए **चित्र का वर्णन** 30-40 शब्दों में कीजिए | 5



---000---